डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 85 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 06 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## अभा पोरवाल युवा संगठन के निर्वाचन सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के निर्वाचन पिपलियामंडी की पोरवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुए। निर्वाचन को लेकर पोरवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री के लिए उम्मीदवार आमने सामने थे। पोरवाल समाज के निर्वाचन कार्यक्रम में समाजजनों द्वारा मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कर मतगणना की गई। मतगणना के पश्चात अभा पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र उदिया 29 मत से, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर पवन मुनिया 62 मत से एवं राष्ट्रीय महामंत्री पद पर जगदीश काला 100 मतों से विजयी घोषित हुए। मतगणना में अभा पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार नरेन्द्र उदिया को 403 व दिलीप सेठिया को 374 मत प्राप्त हुए, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर उम्मीदवार पवन मुनिया को 390 व संजय डबकरा को 328 मत व राष्ट्रीय महामंत्री पद पर जगदीश काला को 413 व रौनक मुजावदिया को 313 मत प्राप्त हुए।

## चाइना डोर की चपेट में आया युवक, घायल






**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आ रहा है। जिसके चलते इन दिनों पतंगबाजी परवान चढ़ रही है। इसी बीच प्रतिबंध लगा होने के बाद भी चाइना डोर बिक रही है। जिसके कारण शहर के संजीत नाके पर एक व्यक्ति चाइना डोर की चपेट में आकर घायल हो गया। बता दें की गुरु एक्सप्रेस ने बीते दिनों में कई बार प्रशाशन को इस मामले में सचेत भी किया था। लेकिन, समय रहते कार्यवाही नहीं होने से इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के संजीत नाका क्षेत्र में महेश नाम का युवक चाइना डोर की चपेट में आ गया। जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे गले में छह टांके आए। बताया जा रहा है कि लगातार हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक चाइना की डोर को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते लोगों की जान पर बन रही है।

### चौड़ाई कम होने से वाहन हो रहे दुर्घटनाग्रस्त...

# पुलियाएं बन रही यमराज..!

**एक दर्जन पुलियाएं दे रही मौत को दावत..!**

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महू- नीमच राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा। इधर कई हादसों का कारण बन रही है संकरी पुलियाएं। फोरलेन पर नियमों से लगभग आधी साइज की पुलियाएं मौत को दावत दे रही है। बीते कुछ समय में कई हादसे यहां हो चुके हैं।

### आधी चौड़ाई, हो रहे हादसे...

करीब 17 साल पहले यह फोरलेन तो बन गया। लेकिन, जावरा से नयागांव तक करीब 13 पुलियाएं टू-लेन वाली ही इस्तेमाल की जा रही हैं। यानी कि फोरलेन के नियमानुसार 12 मीटर की बजाय ये पुलियाएं सिर्फ 7 मीटर ही चौड़ी हैं। नतीजतन तेज गति से वाहन गुजरते या ओवरटेक करते समय नियंत्रण नहीं रख पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं। सिर्फ फतेहगढ़ की पुलिया की बात करें तो अब तक यहां 15 से अधिक हादसे हो चुके हैं।



फाईल फोटो

### यहां है खतरनाक पुलियाएं...

मंदसौर के वही पारसनाथ क्षेत्र में 2, बरखेड़ा पंथ में 1, फतेहगढ़ में 1, आक्या 1, गुराड़िया देवा 2 व सुंठोद में 1 व माननखेड़ा क्षेत्र में 2, जावरा में 1 व चल्दू में 1 सहित नीमच क्षेत्र की मिलाकर 13 पुलिया में सुधार की जरुरत है। तत्कालीन समय में अच्छी कंडीशन होने के कारण इन्हें यथावत रखा गया था। वर्तमान में यातायात का दबाव अधिक होने व इन पुलिया की चौड़ाई पर्याप्त नहीं होने से प्रतिमाह औसतन 5 से लेकर 15 हादसे हो रहे हैं।

### विधायक की गाड़ी से हुई थी महिला की मौत...

31 मई 2024 को नीमच विधायक की गाड़ी की टक्कर से लखमाखेड़ी फंटे पर ही एक महिला की मौत हो गई थी। घटनास्थल पर अवैध कट होना सामने आया था। एमपीआरडीसी ने विशेष परिस्थितियों के तहत यहां वैध कट बनाने की कवायद तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उक्त स्थान पर दोनों सड़क के लेवल में 600 एमएम डिफरेंस है। ऐसे में पहले 400 मीटर लंबाई और 600 एमएम उंचाई पर काम होगा, यदि सड़क का लेवल हो गया तो इसके बाद यहां वैध कट दिया जा सकेगा।

### यहां हर माह में 15 से ज्यादा हादसे...

दलौदा से सोनगरी के मध्य स्थित पुलिया पर ओवरटेक या अन्य कारणों से माह में औसतन 15 से अधिक हादसे होते हैं। अधिकांश रात के समय होने वाले हादसों में वाहन क्षतिग्रस्त होकर नाले के नीचे उतर जाते हैं या पलट जाते हैं। कई बार जनहानि भी हो चुकी है। हादसों के बाद पुलिया की दीवार क्षतिग्रस्त होने से हर बार नई बनानी पड़ती है। जानकारों का कहना है कि फोरलेन पर एक साइड के डामरीकरण की चौड़ाई 7 मीटर के करीब है। इन पुलिया पर शोल्डर नहीं होने की दशा में यहां ओवरटेक करने के लिए वाहन को स्पेस की जरूरत होती है। ऐसे में पुलिया की चौड़ाई 12 मीटर होना चाहिए।

## सरकारी कर्मियों के लिये 12 नए अवकाश घोषित

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए साल 2025 सौगातों भरा साबित हो रहा है। प्रदेश के सरकारी अमले को इस बार खूब छुट्टियां मिल रहीं हैं। सरकारी कैलेंडर के अनुसार कई बार लंबे वीकेंड के मौके भी मिल रहे हैं। इतना ही नहीं, 12 नए अवकाश भी घोषित किए गए हैं। प्रदेश के न्यायालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए ये अवकाश घोषित किए गए हैं। इसके तहत अब जिला अदालतों में माह के पहले शनिवार की भी छुट्टी रहेगी। हाईकोर्ट द्वारा जारी इस अवकाश कैलेंडर पर शनिवार यानि 4 जनवरी से अमल शुरु भी हो गया है।

नए साल से जिला अदालतों के अवकाश में 12 दिन और जुड़ गए हैं। इससे प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों, स्टाफ व वकीलों को खासी राहत मिलने वाली है। हाईकोर्ट ने नए साल का अवकाश कैलेंडर जारी कर हर माह के पहले शनिवार की भी छुट्टी पर मुहर लगाई थी। यह व्यवस्था 1 जनवरी 2025 से प्रभावी हुई। जनवरी महीने के पहले शनिवार यानि 4 जनवरी को इस पर अमल भी शुरु कर दिया गया। प्रदेशभर की जिला अदालतों में शनिवार को छुट्टियां रही। इससे पहले जिला अदालतों में सिर्फ माह के तीसरे शनिवार को छुट्टी रहती थी।इस प्रकार अब हर माह के पहले और तीसरे शनिवार को जिला अदालतों में कामकाज नहीं होगा। माह के पहले शनिवार के अवकाश को लेकर जिला अधिवक्ता और कर्मचारी संघों द्वारा लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। अधिवक्ताओं और कर्मचारियों की मांग पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने इस संबंध में आदेश जारी किया।

# चार्जिंग के दौरान ई-बाइक में ब्लास्ट

**11 साल की बच्ची की मौत, दो झुलसे**

**रतलाम, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर की पीएंडटी कॉलोनी में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे एक मकान में आग लग गई। बताया जा रहा है कि घर में इलेक्ट्रिक बाइक चार्जिंग पर लगी थी, इसी दौरान विस्फोट हो गया। हादसे में 11 साल की बच्ची मौत हो गई, जबकि बच्ची के नाना समेत 2 लोग झुलस गए। वहीं, घर का सारा सामान भी जलकर खाक हो गया है।**

मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 2 लक्ष्मणपुरा पीएंडटी कॉलोनी में दीपक किराना स्टोर के पास भागवत मोरे के घर विस्फोट से हड़कंप मच गया। आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। धमाके से पड़ोसियों की नींद खुल गई। वे फौरन उठकर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। इसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्ची के नाना भागवत मोरे 15 से 20प्रश झुलसे हैं। वहीं एक बच्ची लावण्या को डिस्चार्ज कर दिया गया है।





### मां के साथ नाना के घर आई थी अंतरा...

11 साल की अंतरा चौधरी अपनी मां के साथ वड़ोदरा (गुजरात) से रतलाम अपने नाना भागवत मोरे के यहां आई थी। हादसे में बच्ची के नाना और कजिन लावण्या उम्र 12 वर्ष भी झुलस गए हैं। अंतरा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। जानकारी के मुताबिक भागवत मोरे के घर जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने मां-बेटी आए थे। रविवार सुबह दोनों वड़ोदरा लौटने वाले थे।

### दो दिन पहले ही सुधरवाई थी बाइक...

कमरे में आगे पोर्च पर जुपिटर और ई-बाइक तुनवाल रखी हुई थी। ई-बाइक चार्ज हो रही थी। बाइक की बैटरी रात 12 बजे भागवत मोरे ने चार्जिंग पर लगाई थी। भागवत के दामाद अनिल चौधरी ने बताया कि डेढ साल पहले ई-बाइक खरीदी थी। बैटरी खराब होने पर 15 से 20 दिन पहले ही सुधारने के लिए दिया था। तब से गाड़ी शोरूम में थी। 3 जनवरी को ही गाड़ी घर लाए थे। इसके बाद इसे एक बार चार्ज किया था। कल रात इसे दोबारा चार्जिंग पर लगाया तो विस्फोट हो गया। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने बताया कि स्कूटी में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी है। सारे तथ्यों को जांचा जा रहा है।

### सुवासरा में नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला...

## श्री गणेश ज्वेलर्स से तीन लाख का सोना उड़ा गये बदमाश

**सुवासरा, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। नगर में रविवार शाम 5 बजे श्री गणेश ज्वेलर्स पर अज्ञात बदमाशों ने लगभग 3 लाख के सोने की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया। घटना सदर बाजार के ज्वेलर्स व्यापारी घनश्याम डबकरा के यहां शाम को हुई। अज्ञात बदमाश ने पहले तो सोने की अंगूठी दिखाने के लिए कहा। व्यापारी ने 8 से 10 अंगूठी दिखाने के लिए सामने रख दी। उसके बाद अज्ञात चोर ने अंगूठी पसंद नही आने के बहाने दूसरी डिजाइन की अंगूठी दिखाने के लिए कहा। इसके बाद व्यापारी दुकान के अंदर दूसरी अंगूठी लेने के लिए गया। इतने समय मे अज्ञात बदमाश सामने रखी सभी सोने की ज्वेलरी लेकर फरार हो गया।**

बता दें कि नगर में आये दिन हो रही चोरियो से आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। कभी बाइक तो कभी नकदी, और ज्वेलरी पर चोर निशाना बना रहे है। नगर में पुलिस प्रशासन का कोई भय चोरो में नही हैं। जिसके चलते बदमाश पुलिस को ठेंगा दिखा रहे है। वहीं विधायक हरदीप सिंह डंग के गृह नगर में आये दिन हो रही चोरियों की वारदातों से जनता परेशान है। लेकिन, विधायक का थाना प्रभारी प्रेम जनता को परेशानी में डाल रहा है। पिछले कुछ महीनों में नगर में चोरी और लूट की कई वारदाते हुई है। जिसमे पुलिस के हाथ कुछ नही लगा। पुलिस की उदासीनता के कारण आमजन में भय का माहौल व्याप्त है।

### इनका कहना...

अभी चोरी के मामले में थाने में कोई आवेदन नही आया है। व्यापारी के यहां कुछ घटनाक्रम हुआ है। इसकी जानकारी मिली है। जांच कर रहे है।

**कमलेश प्रजापति**
**थाना प्रभारी सुवासरा**

### नगर बंद कर करेंगे विरोध प्रदर्शन ...

नगर में आए दिन हो रही चोरी, लूट जैसी वरदातो से आमजन परेशान हो चुके हैं। यही कारण हैं कि अब नगर के प्रमुख लोग नगर बंद कर पुलिस की सुस्ती का विरोध करने का मन बना रहे हैं। बता दें कि नगर सहित क्षेत्र में अनेक चोरियो कि वारदाते हो चुकी हैं। लेकिन, पुलिस केवल एकआध वारदात को ट्रेस कर वाहवाही लूटने की कोशिश करती हैं।

## वन विभाग ने कुएं से पकड़ा मगरमच्छ

**पिपलियामंडी, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव गर्रावद में वन विभाग ने कुए से एक मगरमच्छ का रेस्क्यू किया, जिसे चम्बल नदी में छोड़ा। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि 11 बजे करीब बूढ़ा चौकी अन्तर्गत गांव गर्रावद में तालाब के पास स्थित बंशीलाल सेन के कुए में मगरमच्छ दिखने की सूचना पर वन विभाग के सुनील जैन, मयूरराजसिंह चौहान, जतीन देशपांडे, कादर गोंदिया आदि पहुंचे, 15 मिनट की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर लिया। जिसे रविवार को सुबह संजीत स्थित चंबल नदी में छोड़ा। मगरमच्छ करीब 5 फिट का था, जो करीब 85 किलो वजनी था।

## मौसम : फिर बढ़ सकती है ठंड

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार के बाद ठंड का असर फिर से बढ़ सकता है। मौसम जानकारों के मुताबिक प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में रविवार से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हुआ है, जिसका असर अगले 48 घण्टे बाद दिखाई देगा।

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से उत्तर से बर्फीली हवाएं आएंगी, जिनकी रफ्तार तेज होगी। इससे दिन-रात दोनों समय तापमान में गिरावट होगी। हालांकि, पिछले तीन चार दिनों से ठंड से राहत मिली हुई है। रविवार सुबह जिले में कोहरे का असर भी कम रहा। अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री के आसपास बना हुआ था।

**07 जनवरी से दिखेगा असर-** जनवरी में जिले में मावठे की बारिश भी हो सकती है। 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर उत्तर-पश्चिमी भारत में देखने को मिल सकता है। प्रदेश में इससे बूंदाबांदी होने के आसार भी हैं। इसके अलावा जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं प्रदेश में आ रही हैं। रविवार को 12.6 किमी की उंचाई पर 240 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम चलती रही। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलेगी, जिससे हवा की रफ्तार तेज होगी और प्रदेश में ठंड का असर बढ़ जाएगा।

# कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी दिलीप गुर्जर को कार्यकर्ता भूला रहे हैं..!

**मंदसौर/उज्जैन, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** चार बार के नागदा से विधायक दिलीप गुर्जर बीते लोकसभा चुनाव में मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी बन चुनाव लड़े थे। छह महीने ही हुए थे कि जिला कांग्रेस संगठन के गठन की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के बड़े नेता और साथ में प्रभारी और पर्यवेक्षकों के दौरे शुरू हो चुके हैं। इसी दौरे में एक पखवाड़े पहले संगठन प्रभारी विक्रांत भूरिया आए थे और हाल ही में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के दौरे चल रहे हैं। इनके साथ दिलीप गुर्जर दूसरी बार नगर में आए थे और अब ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। वे निर्वाचन अधिकारी के साथ मिल निचोड़ निकालेंगे की जिला अध्यक्ष के लिए कौन सा नाम सबसे बेहतर होगा। ऐसा नाम जो पूरे जिले के सभी वर्ग के नेता और सहयोगी संगठनों को साथ लेकर जिला कांग्रेस संगठन को चला सके। इन कामों के लिए जिले में वरिष्ठ नेताओं के दौरे होने लगे हैं।



चन्द्रमोहन भगत

जयवर्धन सिंह के 2 जनवरी के प्रथम दौरे के समय उनके स्वागत में लगे पोस्टरो में सबसे ज्यादा दो बार हारी हुई पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के समर्थकों ने लगभग सभी चौराहों पर लगवाए गए थे। जबकि, बीते चुनाव में पहली बार यहां से लोकसभा प्रत्याशी बने दिलीप गुर्जर को किसी ने भी अपना नेता मानकर पोस्टर में बड़े नेता जैसा स्थान नहीं दिया था। राजनीतिको में चर्चा भी इसलिए हो रही है कि विक्रांत भूरिया और जयवर्धन सिंह दोनों के ही साथ दिलीप गुर्जर भी आए थे। संसदीय प्रत्याशी रहे होने के कारण 19 लाख मतदाताओं के संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक जगत में इतने समर्थक तो पैदा हो ही जाते हैं कि राजनीतिक आयोजनों के प्रचार तत्वों में उन्हें सम्मानजनक स्थान मिल सकता था। जैसे मीनाक्षी नटराजन को मिल रहा है और प्रभारी बनने के बाद से जयवर्धन सिंह को मिलता नजर आ रहा हैं।

राजनीति में किसी नेता की हैसियत और लोकप्रियता उसके प्रशंसकों और कार्यकर्ता समूहों के समर्थन से नापी जाती है। यही कारण है कि दिलीप गुर्जर को स्थानीय पोस्टरो में उतना भी स्थान क्यों नहीं मिला, जीतना उनसे पहले लोकसभा चुनाव हारने वाली मीनाक्षी नटराजन को मिल रहा है। यह भी की जिला कांग्रेस संगठन का गठन होना है, इसमें पद पाने के लिए भी पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के समर्थक अति उत्साही नजर आ रहे हैं। जबकि, जिला संगठन में पद पाने के लिए वर्तमान संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी रहे दिलीप गुर्जर की पसंद को प्राथमिकता मिलना चाहिए। किन्तु जिले में वातावरण ऐसा बना हुआ है कि जितने भी कार्यकर्ता जिस पद के लिए प्रयासरत हैं। उनमें से सतह पर दिलीप गुर्जर का कहलाने वाला कोई भी नाम नहीं है। इसी तरह का राजनीतिक वातावरण अब सार्वजनिक नजर आने लगा है। और इसी कारण यह माना जा रहा है की जावरा, मंदसौर, नीमच संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता अपने ही संसदीय प्रत्याशी दिलीप गुर्जर को भूला रहे हैं !

ये बेखुदी ये लबो की हंसी मुबारक हो । तुम्हें ये सालगिरह की खुशी मुबारक हो ॥
कभी न आए कोई गम करीब तुम्हारे । जहां में सबसे अच्छे नसीब हो तुम्हारे ॥






हरदिल अजीज, हमारे प्रिय मित्र
श्री बलराम अडानिया
'बल्लू भाई'
को आज जन्मदिवस पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

******* बधाईकर्ता *******

फूलचंद पाटीदार, आशुतोष नवाल, नरेन्द्र जैन अन्ना, सूरजमल टांक, ऊंकारलाल टांक, संतोष बारोदिया, अर्जुन गोटवार, सोनू भाई पित्याखेड़ी, नागेन्द्रसिंह खड़पालिया, मांगूसिंह जयसिंह बरखेड़ा, महेन्द्रसिंह डोराना, गोपाल पड़ियार, नवीन सिरोठा, बंटी राजलवार, अर्जुन राजलवार, सत्तू ओस्तवाल, बबलू बना, महेन्द्र बना, धर्मेंद्र कुमावत, अनिल कुमावत, अंबालाल टांक, संजू कुमावत, कोमल कुमावत, संदीप मांडेला, बबलू मारीवार, संदीप साहू (चीता) एवं सीताराम ग्रुप मित्र मंडल नरसिंहपुरा मंदसौर

### श्री हरिकथा आयोजन समिति द्वारा आयोजित रामकथा में दूसरे दिन आचार्य रामानुजजी ने कहा...

# सद्गुरु की शरण जीवन में सकारात्मकता भर देती है



**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री हरिकथा आयोजन समिति द्वारा मन्दसौर के रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में आयोजित रामकथा के द्वितीय दिवस व्यासपीठ पर विराजित आचार्य श्री रामनुजजी जी महाराज ने कहा कि मन की दुविधा समाप्त नही होगी तब तक परम् की यात्रा की दिशा में गति नही हो पाती। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत, सन्मार्ग और कुमार्ग की और हमारा मन ही हमे ले जाता है। ऐसे में सद्गुरु की शरण मिल जाये तो उनकी साधना हमारे जीवन मे सकारात्मकता को भर देती है।

आचार्य श्री ने कहा की गुरु का अर्थ है जो विशाल हो जिनके व्यक्तित्व के सामने हम नगण्य है, गुरु की करुणा ही इस जलते हुए संसार मे शीतलता प्रदान करती है। शिष्य का अर्थ होता है जो शून्य की और गति कर सकता है जिसमे अहंकार, राग द्वेष ना हो यदि गुरु से कुछ पाना चाहते हैं तो अपने बंधनो को छोड़कर निकलने का प्रयास कीजिये आप कब शिष्य से गुरु बन जाओगे पता भी नही चलेगा। जहां पर व्यक्ति खुद को समाप्त करता है तभी गुरु हाथ पकड़ लेता है गुरु कृपा इसे ही कहते हैं। गुरु पद पाने की जगह है वह परम है उसे नाप नही सकते एक सूक्षम सद्गति गुरु के वचनों से होती है। गुरु एक ऐसी पारसमणी है वह जिसे छू ले उसे गुरु बना देता है। आपने कहा कि अपने इष्ट के नाम पर वे लोग लड़ते हैं जिन्होंने अपने इष्ट को महसूस ही नही किया क्योंकि जिस दिन अपने इष्ट को पहचान लिया लड़ना बंद कर देंगे। यदि आप राम को मानते हैं तो आपके प्यार में इतनी शक्ति तो होनी चाहिए कि राक्षसो को भी देव बना सके। हम अपने आप का निज दर्शन करें हम शबरी जैसे है, लक्षमण जैसे है या रावण जैसे है। जहा संवाद है वहा समझना वहां साधना है। उसमे संगीत, गीत होता है। अपने इष्ट की गुरु की स्मृति में आंसू हो तो समझना साधना हों रही है। गुरु की रज सूक्ष्म में जब शिष्य के अंतर्मुख में प्रवेश करता है तो राम और कृष्ण निकलते हैं। आचार्य श्री ने लिव इन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने राधा को केवल महसूस किया था। कृष्ण की करुणा को राधा नें पाया था इसलिए कृष्ण के द्वारिका जाने पर, रुक्मणि से विवाह करने पर राधा ने कोई उलाहना नही दिया क्योंकि उसने कृष्ण के विशाल सत्य को देखा था। उसे भरोसा था कृष्ण भले ही द्वारिकानाथ हो जाये लेकिन वह कल भी मेरे साथ नाचता था आज भी नाचेगा। आचार्य श्री ने कहा कि जीवन मे कभी भी गुरु को नापने की कोशिश मत करना बल्कि प्रयास करना गुरु की रज आपके अंदर प्रवेश कर ले यदि ऐसा हुआ तो आप हनुमान को पा लेंगे। आपने कहा कि रामचरित मानस में गुरु को सात नामो से पुकारा गया। आपने कहा कि जो आचरण से पुनीत होते है उन चरणों को प्रणाम किया जाता है। जिन चरणों मे आचरण हो तो समझना सद्गुरु प्रकट हुए हैं सद्गुरु को पाना है तो स्वयं को मिटाना पड़ेगा।

**धर्म के प्रति मंदसौर वासियों की अटूट श्रद्धा**–आचार्यश्री ने कहा कि मन्दसौर के श्रद्धालुओ की श्रद्धा अटूट है। आपने तलाई वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में हुइं कथा का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि उस कथा के मंडप में सफाई के इंतजाम आयोजको ने किए थे लेकिन फिर भी श्रद्धालु प्रतिदिन जल्दी आकर आपने हाथ से सफाई करते थे उनका मानना था जहां रामभक्तो की चरण पडी उसे माथे पर लगाने से परमात्मा मिल जाएगी। मंदसौर वासियो की आस्था अटूट है।

**इन्होंने किया पोथी जी का पूजन**– द्वितीय दिवस पोथीजी का पूजन हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, महासचिव सुरेश सोमानी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल, , संयोजक मोहनलाल शर्मा जांगिड़, ब्रजेश जोशी, सहसंयोजक हरीश गर्ग केडिया, गौरव रत्नावत एडव्होकेट, द्वितीय दिवस की कथा के मुख्य लाभार्थी परिवार वैकुंठवासी श्रीमती संतरादेवी गर्ग की भाव स्मृति में सूरजमल गर्ग, सुशीला महेंद्र गर्ग, ममता सुभाष गर्ग, पूजा मुकेश गर्ग, आस्था प्रिंस गर्ग, शुभी अमन गर्ग एवं गर्ग परिवार, द्वितीय दिवस भोजन प्रसादी के लाभार्थी वैकुंठवासी श्री गोरधन दास कलावती देवी पारिख जीवासेठ की भाव स्मृति में त्रिभुवन दास पारिख, नितिन पारिख, डॉ गोविंद छापरवाल, कैलाश छापरवाल, सुनील छापरवाल, निर्मल छापरवाल, मधुसूदन छापरवाल परिवार, राजेन्द्र मूंदड़ा परिवार, हरीश काबरा परिवार, गणेश सोनगरा परिवार, मंजू गर्ग, अमिता गर्ग के साथ लक्की ड्रा की विजेता मातृशक्ति समेत गणमान्य जनों ने किया।

# कायाकल्प 2 के अंतर्गत मंदसौर नगर में बनने वाली तीन सड़कों का हुआ भूमिपूजन

### राज्यसभा सांसद गुर्जर, पूर्व विधायक सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा कायाकल्प 2 के अंतर्गत महू-नीमच रोड़ स्थित परशुराम द्वार से तेलिया तालाब की फॉल वाली पुलिया तक (रेवास देवड़ा मेन रोड) जिला पंचायत भवन से गीता टेलीकाम (रामटेकरी मेन रोड़) तक एवं रेल्वे स्टेशन रोड के डामरीकरण का कार्य किया जाना है। कल रविवार को इन तीनों मुख्य सड़कों के डामरीकरण का कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन तीनों सड़कों के डामरीकरण कार्य पर लगभग 2 करोड 70 लाख रू. की राशि व्यय होगी। रामटेकरी चौराहा पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में इन तीनों सड़कों के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद डगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय सुराना, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, कुमावत समाज अध्यक्ष राधेश्याम बरानिया, नपा सभापतिगण निर्मला चंदवानी, पार्षदगण श्रीमती गरिमा हितेन्द्र भाटी, श्रीमती कौशल्या प्रहलाद बंधवार, दीपक गाजवा भी मंचासीन थे। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के द्वारा श्रीफल बदारकर रोड के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि आज नगरपालिका कायाकल्प 2 के अंतर्गत जिन तीन सड़कों के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ कर रही है। लम्बे समय से इन सड़कों के कायाकल्प की जरूरत थी। इसी कारण इन सड़कों का डामरीकरण कायाकल्प 2 के अंतर्गत हो रह है। बहुत ही प्रसन्नता की बात है कि मैने 1 करोड 60 लाख रू. की राशि अपनी राज्यसभा निधि से मंदसौर नगर पालिका को देने का प्रस्ताव भेजा है। नपा जहां भी आवश्यकता है वहां विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर टेण्डर प्रक्रिया कर रही है। सीएमओ यह विशेष ध्यान दे कि जहां भी निर्माण कार्य हो वहां इंजीनियर व नपा का स्टॉफ अनिवार्य रूप से हो रहे ताकि निर्माण कार्य की निगरानी हो और बाद में कोई शिकायत नहीं आवे। आपने कहा कि यशपालजी ने अपने विधायक कार्यकाल के दौरान अविकसित कॉलोनियों के विकास के लिये खूब राशि दी जिसके परिणाम स्वरूप नगर की स्थिति बेहतर हुई है। पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि जनता की समस्याओं की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि व अधिकारी, कर्मचारी दोनों की है। दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे तो जनता की समस्याये हल होने लगेगी। मंदसौर नगर के विकास के लिये भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने अथक परिश्रम किया है। प. गजा महाराज से लेकर रमादेवी गुर्जर तक जितने भी नपाध्यक्ष रहे उन्होंनें नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोडी। नगर के आसपास के क्षेत्रों के नगरपालिका की सीमा में आने के बाद नगरपालिका ने अभिनंदन क्षेत्र सहित टिगरिया, किटयानी सहित कई क्षेत्रों में विकास कराया है। कार्यक्रम में नपााध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत पार्षदगण गोरर्धन कुमावत, कमलेश सिसौदिया, नरेन्द्र बंधवार, देवेन्द्र मरच्या, बाबा पंचोली, संजय मंगल, हितेन्द्र भाटी, सुनील बंसल, अनिल मालवीय, राजेश गुर्जर, दलाल गुजरिया, आशीष गौड, निलेश जैन, दीपमाला मकवाना, पूर्व पार्षद केसरीमल जटिया, दीपिका जैन, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, क्षेत्र के नागरिकगण रमेशचन्द्र परवाल, दीपक मिश्रा, विनोद बालानी, सत्यनारायण भांभी, दीलिप ग्वाला, निरांत बग्गा, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला ने किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र मरच्या ने किया तथा आभार बाबा पंचोली ने माना।

# रेलवे की लापरवाही:दोहरीकरण के दौरान फूटी पाइप लाइन, फसलें सूखने से किसान परेशान

### कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मौके पर पहुंच पीड़ित किसान से की चर्चा

**मल्हारगढ़, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़-पिपलीया के बीच रेलवे लाइन दोहरीकरण के निर्माण दौरान बरखेडापन्थ के किसान प्रकाशचंद्र पिता शंकर लाल पाटीदार की फसल सिंचाई के लिए डाली गई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होकर फुट गई कई बार रेलवे का ध्यान आकर्षित कर पाइपलाइन को ठीक करने का निवेदन किया लेकिन आज तक पाइप लाइन ठीक नही हुई इस कारण फसले सुख रही है।

रविवार को किसान की सूचना पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा मोके पर पहुंचे व पीडित किसान प्रकाश चन्द्र पाटीदार से चर्चा की उन्होंने बताया कि मेरा कुआ फोरलेन के पास है जहा उसमें पर्याप्त पानी है मेने 4200 फिट पाइप लाइन रूपी से बरखेडापन्थ मार्ग स्थित खेत तक रेलवे से परमिशन लेकर डाल रखी है। पन्द्रह-बीस दिन पूर्व रेलवे लाइन के दोहरीकरण के दौरान मेरे द्वारा सिंचाई के लिए डाली पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होकर फुट गई इस कारण अफीम, उंटी की लहसुन व प्याज की फसाल सूखने लगी है।अगर फसल सुख गई तो मुझे बड़ा नुकसान होगा, महंगा खाद बीज निदाई, गुडाई मजदुरो की मजदूरी पर भी बड़ी राशि खर्च हुई है।मेने दस आरी सीपीएस अफीम, एक बीघा उंटी की लहसुन, दस आरी प्याज की बुआई कर रखी है समय पर पानी नही मिलने से उत्पादन पर भी असर पड़ेगा।

**रेलमंत्री डीआरएम को ट्वीट कर दी जानकारी**–मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने किसान प्रकाश पाटीदार की परेशानी व नुकसानी से रेलमंत्री एवं डीआरएम रतलाम को ट्वीट कर स्थिति से अवगत करवाकर किसान की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को जल्दी से जल्दी ठीक करवाने की मांग की है ताकि किसान अपनी फसल को सिंचित कर सके। इस मौके पर किसान प्रकाशचंद्र पाटीदार, पत्नी ललिता पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल मुलासिया, छोटेलाल सैनी, किसान गोपाल सैनी, जमनालाल भाम्भी, कमल पंवार, भगतराम बेपन, रामेश्वर कारपेंटर, हीरालाल धनोतिया, मंडलम अध्यक्ष किशोर उणियारा, दिनेश गुप्ता काचरिया आदि मौजूद थे।



# निहारिका परमार बनी राष्ट्रीय विजेता

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज की होनहार बालिका कु. निहारिका परमार दलौदा निवासी तमिलनाडु के सेलम में खेली गई मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय स्पर्धा में मध्यप्रदेश टीम में सभी वर्गों में कुं. निहारिका अनिल परमार व टीम ने ट्रॉफी एवं मेडल प्राप्त किया। यह जानकारी नगर युवा अध्यक्ष दयाराम चौहान व नगर सचिव भवानीशंकर सेन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए कु. निहारिका परमार की इस उपलब्धि के पश्चात् मंदसौर आगमन पर मंसौर गुजराती सेन समाज ने निहारिका का भव्य स्वागत किया। नगर गुजराती सेन समाज में उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है। निहारिका ने देश भर में मंदसौर व समाज का नाम रोशन किया है। जिस पर गुजराती सेन समाज उनका दिल से आभार मानता है व उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन 13 अप्रैल को

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मेव वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष असगर खां मेव ने बताया कि सभी मुस्लिम बिरादरी के लिये मेव वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में लगातार 23वां मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन 13 अप्रैल 2025, इतवार को मुकाम दरगाह गैब शाह वली सोनगरी जिला मंदसौर में आयोजित किया जा रहा है। तमाम अवाम से गुजारिश है कि शादी सम्मेलन हेतु रजिस्ट्रेशन हो रहे है। अपने बालिग लड़के-लड़कियों जिनमें लड़के की उम्र 21 साल व लड़की उम्र 18 साल है वह अपने बच्चे-बच्चियों का आफीस में रजिस्ट्रेशन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आफीस मयुर मीनाक्षी ट्रेवल्स, फिरदोस मस्जिद के नीचे, शुक्ला चौक, नयापुरा रोड़, मंदसौर पर करवा सकते है। रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नं. 982680421, 7999494477, 7000922044, 9926011219, 9407179944, 9826362207, 9926036422 पर सम्पर्क कर सकते है। मेव वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष असगर खां मेव ने बताया लगातार 22 वर्षो र्से मेव इज्तिमाई शादी सम्मेलन बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। समिति का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक जोड़े इज्तिमाई शादी सम्मेलन का रजिस्ट्रेशन किया जाये। उक्त जानकारी मेव वेलफेयर सोसायटी के सेकेट्री सईद खां खेड़ेवाले ने दी।

### रंजीता पाटीदार ने किया गांव का नाम रोशन

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कक्षा 12वीं में अध्ययनरत होनहार छात्रा रंजीता पाटीदार पिता राजेंद्र जी पाटीदार निवासी ग्राम रिछाबच्चा एवं शिवम पिता विनोद जी ने तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता - सब जूनियर और जूनियर मिनि-गोल्फ नेशनल चेम्पियनशिप 2024-25 में गोल्ड मेडल और ब्रंज मेडल जीता और माता-पिता, परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया, बालिका के मेडल जीतकर गांव आने पर गांव के मुख्य द्वार और जगह जगह ग्रामवासियों ने गांव की होनहार बिटिया का भव्य स्वागत किया, इस अवसर पर गांव रिछाबच्चा के सरपंच समरथ पाटीदार, पूर्व सरपंच भेरूलाल पाटीदार, विधानसभा पूर्व प्रत्याशी राकेश सूर्यवंशी, और अनेक संख्या में गांव रिछा बच्चा और आसपास क्षेत्र के नागरिकों ने उपस्थित होकर बालिका और पुरे परिवार को बधाई शुभकामनायें दी और बालिका के उज्वल भविष्य की कामना की-यह जानकारी राकेश सूर्यवंशी द्वारा दी गई।

### खेत पर सिंचाई कर रहा था किसान, मौत

**नीमच, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिटी थाना क्षेत्र के गांव रातड़िया में खेत पर सिंचाई करने गए एक किसान की मौत हो गई। मृतक रामेश्वर मेघवाल निवासी रातडिया रविवार सुबह करीब 07 बजे अपने घर से हमेशा की तरह सिंचाई करने गया था। इसी दौरान वह सिंचाई करते हुए खेत में ही गश खाकर गिर गया। जब पडोसी देवीलाल वहां से गुजरा तो उसकी नजर मृतक रामेश्वर पर पडी। रामेश्वर को खेत मे बेसुध पडा देखकर, इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। तत्काल मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे निजी वाहन से बड़े अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रामेश्वर को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले थाना प्रभारी विकास पटेल ने बताया कि रातड़िया गांव के किसान की मौत हुई है। मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।



# ब्रह्माकुमारी में मनाया अलौकिक जन्मदिन

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र आत्म कल्याण भवन में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी के कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में एक वर्ष की आध्यात्मिक यात्रा पूरी करने वाले भाई-बहनों का अलौकिक जन्मदिन मनाया गया। समारोह ब्रह्माकुमारी बहनों के सानिध्य में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर, सुप्रसिद्ध गायक कलाकार आशीष मराठा के आतिथ्य में आयोजित किया गया।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने इस मौके पर पुष्प वर्षा कर अलौकिक मार्ग पर चल रहे भाई- बहनों का स्वागत किया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने नए आध्यात्मिक जीवन के शुरुआत करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे अंदर जो पांच विकार है वही है। इस विकार रूपी शत्रु को दूर करने की ताकत संसार में किसी के पास नहीं है और वह ताकत सिर्फ परमात्मा से हमें मिल सकती है। राजयोग के माध्यम से हम सबको परमात्मा की यह शक्ति प्राप्त हो सकती है जिससे हम अपने अंदर के शत्रु का नाश कर सकते हैं अपने जीवन को सुख और शांति से भर सकते है। जिलां पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर ने शुभकामनाएं व्यक्त की और अपनी आद्यात्मिक यात्रा के संस्मरण सुनाए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल भेंट कर किया गया। सभी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया तथा सभी को ईश्वरीय सौगात और प्रभु प्रसाद दिया गया।

# स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रात: 9 से प्रात: 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शिक्षण संस्थाओं में होने वाले सामूहिक सूर्य-नमस्कार में मंत्रीगण, सांसद, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक, अध्यक्ष नगरपालिका एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा-6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

### बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार के लिए राशि दान करें

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मंदसौर ने बताया किकिशोर न्याय (बालक की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 नियम के तहत् स्थापित/ संचालित प्राधिकरणों / संस्थाओं के सुदृढीकरण एवं निर्माण, बाल देखरेख संस्थाओं में आधारभूत सुविधाऐं, गुणवत्तापूर्ण एवं बाल अनुकूल वातावरण निर्माण तथा बच्चो के सर्वोत्तम हित में उनके कल्याण एवं पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षण तथा समाज की मुख्यधारा में पुर्नसमेकन एवं उनके विकास हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एक बचत बैंक खाता क्रंमाक 60411029562 किशोर न्याय निधि योजना के नाम से खोला गया है। इस खाते में राशि दान कर सकते हैं।

# कृति भाटी ने किया आईएसएसएफ का खिताब अपने नाम



**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल में आयोजित 15 दिसम्बर से 31 दिसंबर तक नेशनल कंपीटीशन में भारत के सभी राज्यों से राइफल शूटर्स ने हिस्सा लिया जिसमें कृति भाटी ने सीनियर कैटेगरी में भाग लेकर 10 मीटर राइफल शूटिंग मे बेहतरीन प्रदर्शन करके 602.3अंक प्राप्त किये। कृति भाटी महाराणा प्रताप राइफल क्लब मंदसौर की कोच एवं राइफल शूटर हैं इस उपलक्ष पर महाराणा प्रताप राइफल क्लब मंदसौर एवं मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन एवं सांसद श्री सुधीर गुप्ता की तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं तथा समस्त मंदसौर नगर आपके उज्वल भविष्य की कामना करता हैं एवं आप इसी तरह से मंदसौर जिला एवं मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें।

# महापौर ने किया सौंदर्यीकरण कार्य हेतु भूमिपूजन



**भोपाल, नप्र।** महापौर श्रीमती मालती राय ने शाहपुरा सी सेक्टर में पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु भूमि पूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 07 लाख रुपए की लागत से पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।

महापौर श्रीमती मालती राय ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत शाहपुरा सी सेक्टर स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन किया। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि हम शहर की स्वच्छता, पर्यावरण सुधार एवं नागरिकों की सुविधा हेतु निरंतर प्रयासरत है और इसी क्रम में आज शाहपुरा सी सेक्टर के पार्क के सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरुआत की जा रही है, निश्चित ही सौंदर्यीकरण कार्यों से यहां के नागरिकों को अच्छा वातावरण प्राप्त होगा और क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी।

इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन क्षेत्र हटाये अतिक्रमण

**भोपाल, नप्र।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन क्षेत्र से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की और ठेले, टेबिल आदि जप्त की।

निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 05 की ओर बाहर जाने वाले गेट के आसपास आवागमन को बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की। निगम अमले ने सड़कों, फुटपाथों आदि पर ठेले, टेबिल पर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों के अतिक्रमणों को हटाते हुए 07 छत ठेले एवं टेबिल आदि जप्त करने की कार्यवाही की और आवागमन को सुगम बनाया। निगम अमले ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी कि यदि पुनः अतिक्रमण पाया जाता है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।



# सौर पैनल निर्यात में भारत की तेज उछाल, दुनिया के लिए अब चीन नहीं केवल एकमात्र विकल्प

**नई दिल्ली, 05 जनवरी।** भारत सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभर रहा है, क्योंकि दूसरे देश जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी पर स्विच करने के लिए सप्लाई के स्रोत के लिए चीन के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल-अक्टूबर तक की अवधि में मॉड्यूल या पैनल में असेंबल किए गए 711।95 मिलियन डॉलर के पीवी सेल का निर्यात किया, इसमें से 96 प्रतिशत शिपमेंट अमेरिका गए, जो दिखाता है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से दूर हो रही है।



भारत ने अप्रैल-अक्टूबर वित्त वर्ष 2025 में मॉड्यूल में असेंबल नहीं किए गए 25 मिलियन डॉलर के फोटोवोल्टिक सेल का भी निर्यात किया, इसमें से 90 प्रतिशत निर्यात अमेरिका गया। अमेरिका भारतीय सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल के लिए भी एक प्रमुख निर्यात बाजार था, जो वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 में देश के सौर पीवी निर्यात का 97 प्रतिशत से अधिक था। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और जेएमके रिसर्च एंड एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) प्रोडक्ट के शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जिसका निर्यात मूल्य वित्त वर्ष 2022 से 23 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2 बिलियन डॉलर हो गया। रिपोर्ट की लेखिका, आईईईएफए की निदेशक (दक्षिण एशिया) विभूति गर्ग ने कहा, अमेरिकी बाजार पर ध्यान केंद्रित करने से भारतीय पीवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को फायदा मिल सकता है। इससे भारतीय पीवी निर्माताओं के उत्पाद की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा, लेकिन, लंबे समय में भारत को वास्तव में वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए, भारतीय पीवी निर्माताओं को अपस्ट्रीम बैकवर्ड इंटीग्रेशन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इससे भारत को मौजूदा बाजारों में अपनी पैठ बनाए रखने में मदद मिलेगी, जबकि यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका आदि जैसे बाजारों को अनलॉक करने में मदद मिलेगी। साथ ही, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में पीवी निर्माताओं के लिए बढ़ते निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ घरेलू उपलब्धता को संतुलित बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र प्रमुखता प्राप्त कर रहा है, देश के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 2014 में 3।3 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 7।9 प्रतिशत हो गई है। भारत के निर्यात बास्केट में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान सबसे तेजी से बढ़ने वाले सेगमेंट के रूप में उभरे हैं, क्योंकि केंद्र की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की सफलता से प्रेरित होकर देश में नई विनिर्माण क्षमताएं सामने आई हैं। देश का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात अप्रैल-नवंबर 2024-25 में 27।4 प्रतिशत बढ़कर 22।5 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 की इसी अवधि में यह 17।66 बिलियन डॉलर था। इलेक्ट्रॉनिक सामान अब भारत के निर्यात क्षेत्र में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो पिछले साल छठे स्थान से इंजीनियरिंग उत्पादों और पेट्रोलियम के बाद दूसरे स्थान पर है।

# अफीम व डोडाचूरा के तीन प्रकरणों में 07 आरोपी गिरफ्तार, 02 फरार

**पिपलियामंडी, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने डोडाचूरा व अफीम तस्करी के तीन प्रकरणों में 07 आरोपियों को पकड़ा, वहीं दो फरार है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया।

**1 किलो अफीम में 3 धराए, 1 फरार:-** मुखबिर की सूचना पर पिपलियामंडी पुलिस ने पिपलिया-कनघट्टी मार्ग पर कॉलेज के सामने तूफान (एमपी 44 बीसी 0969) को रोका, पूछताछ के दौरान ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपनी पहचान नीमच जिले के रायसिंहपुरा खवासा निवासी समरथ (35) पिता गोपालदास बैरागी व साइड में बैठे व्यक्ति ने अपनी रायसिंहपुरा निवासी बापूसिंह (67) पिता गोबरसिंह सौंधिया व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपनी पहचान देवरी खवासा निवासी मथुरालाल (50) पिता बंशीलाल बलाई होना बताई। वाहन की तलाशी के दौरान प्लास्टिक की थेली में भरी एक किलो अफीम बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया उक्त अफीम वह तलवाड़ा (बांसवाड) नारायण रेबारी को देने जा रहे थे। पुलिस ने नारायण रेबारी को भी आरोपी बनाया है। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया तीनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर पूछताछ जारी है वाहन व अफीम को जब्ती में लिया है।

**16 किलो 990 ग्राम डोडाचूरा में 2 धराए, 1 फरार:-** दूसरे मामले में पुलिस ने कनघट्टी मार्ग पर ही कॉलेज के सामने हुण्डई कार (आरजे 27 सीजे 5302) को रोका, तलाशी के दौरान कार में प्लास्टिक कट्टेमें भरा 16 किलो 990 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान कार ड्राइवर ने अपनी पहचान लोहावट, जिला जोधपुर निवासी जगदीश (33) पिता दानाराम पालड़िया विश्नोई व साइड में बैठे व्यक्ति के अपनी पहचान लोहावट निवासी हनुमानराम (43) पिता सूरजाराम सीयाक विश्नोई होना बताई। पुलिस ने डोडाचूरा व कार जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी डोडाचूरा सेमली निवासी राकेश से लेकर जा रहे थे। पुलिस ने राकेश को भी आरोपी बनाया है, जो फरार है।

**20 किलो डोडाचूरा में ढ़ाबा संचालक मजदूर के साथ गिरफ्तार:-** तीसरे मामले में मुखबिर की सूचना पर पिपलियामंडी पुलिस ने पिपलियामंडी ओवरब्रिज के पास पुरानी मीनाक्षी होटल से आगे रुपी-सोनी रोड़ पर कट्टा लेकर आ रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान गुडा परिहार डीकेन, जिला नीमच निवासी राजू (44) पिता नारायण भील होना बताई। आरोपी के पास कट्टेसे 20 किलो डोडाचूरा बमराद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह ब्रिज के नीचे कलश ढाबे पर मजदूरी करता है और यह कट्टा उसे ढाब संचालक सुनील पिता नाथूलाल केथवास ने घर पर रखने की कहा था। पुलिस ने राजू के साथ ही सुनील को भी गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

**डोडाचूरा समेत पकड़े ट्रेक्टर को लेकर खुलासा नही:-** जानकारी के अनुसार काचरिया चन्द्रावत लूनाहेड़ा मार्ग पर नारायणगढ पुलिस ने 28-29 दिसम्बर 2024 को ट्रेक्टर-ट्राली को पकड़ा था। बताया गया डोडाचूरा भरा होने की सूचना पर उसे पकड़ा गया था। लेकिन 7 दिन बाद भी अभी तक मामले का खुलासा नही हो पाया।

### पुलिस पेट्रोल पम्प:ऑनलाइन से बिक्री हुई कम..!

# राज पेट्रोल पंप वाले की हुई चांदी

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पुलिस पेट्रोल पंपों पर नकद भुगतान बंद हो गया है। यहां कैशलैस व्यवस्था लागू हो गई है। यानि अब पेट्रोल डीजल ऑनलाइन ही मिल रहा है। प्रदेश भर में एमपी पुलिस के पेट्रोल पंपों पर 1 जनवरी से यह नियम लागू किया गया है। सभी पेट्रोल पंपों पर नकद भुगतान बंद होने की सूचना चस्पा कर दी गई है। यह नियम मंदसौर में भी लागू हो गया है। अब हो यह रहा है कि हर व्यक्ति गुगल पे या फोन पे नहीं चलाता। परिणाम यह हो रहा है कि पुलिस पेट्रोल पंप की सेल पर विपरीत असर पड़ा है। वहीं इसका फायदा पास में मौजूद राज पेट्रोल पंप संचालक को मिल रहा है।

राजमार्ग स्थित यातायात थाने के पास स्थित पुलिस पेट्रोल पंप पर 1 जनवरी से नया नियम लागू हो गया है। जिसके तहत नकद भुगतान की व्यवस्था बंद कर दी गई है। विभाग के निर्देश के अनुसार ग्राहकों को अब डीजल-पेट्रोल खरीदने के लिए ऑनलाइन भुगतान ही करना होगा। एमपी पुलिस के राज्यभर में स्थित सभी पेट्रोल पंपों पर कैश लैस व्यवस्था लागू कर दी गई है। एमपी पुलिस के पेट्रोल पंपों पर अब नकद रुपए देने वाले ग्राहकों को पेट्रोल पंप से डीजल-पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए पंप पर बड़े बैनर लगा दिए हैं, साथ ही मशीन पर भी सूचना चस्पा कर दी गई है। हालांकि इससे डीजल-पेट्रोल की बिक्री भी घट गई है। मध्यप्रदेश पुलिस के पेट्रोल पंपों के साथ ही सभी अशासकीय गतिविधियों में अब नकद लेन देन बंद कर दिया गया है। 15 नवंबर से ही ऑनलाइन पेमेंट शुरू कर दिया गया था। 31 दिसंबर के बाद पेट्रोल पंपों पर भी पूरी तरह से कैशलेस लेन देन चालू किया गया।

### गड़बड़ी की आ रही थी शिकायतें...

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सभी अशासकीय गतिविधियों में एक जनवरी 2025 से पूर्ण रूप से कैश ट्रांजेक्शन बंद कर दिया गया है। दरअसल एमपी पुलिस के कई पेट्रोल पम्पों पर गबन की शिकायतें सामने आई थी। ऑडिट में पता लगा कि नकद लेन-देन का लेखा-जोखा नहीं रखा जाता और इसके जरिए ही गबन किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस कल्याण पेट्रोल पम्प, पुलिस गैस रिफिलिंग केंद्र, एलपीजी गैस, सुपर बाजार आदि पर नकद लेन-देन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया। 30 अक्टूबर को जारी इस आदेश पर 15 नवंबर से अमल करने को कहा गया था। पेट्रोल पम्पों पर 1 जनवरी 2025 से यह आदेश प्रभावी किया गया हैं।

# सीमेंट फैक्ट्री में काट दिये 100 से अधिक पेड़, लकड़ियां बेची

**नीमच, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावद तहसील के ग्राम खोर में विक्रम (अल्ट्राटेक) सीमेंट फैक्ट्री की दुर्गा कॉलोनी में बिना अनुमति रात में 100 से अधिक हरे-भरे पेड़ काट दिए। इनकी लकड़िया टेम्पो में पैक कर जावद भेजी जा रही थी। खोर के ग्रामीणों ने इन्हें पकड़ लिया। जब खोर सरपंच बलराम जाट को जानकारी मिली तो उन्होंने शिकायत पटवारी से की। पटवारी ने मौके पर जाकर पंचनामा बनाया। खोर निवासी अशोक गुर्जर ने बताया कि लगभग 60 लोडिंग टेम्पो लकड़ी काटकर बाहर भेजी है, जो बेची जाएगी। इसकी कोई जानकारी पंचायत व प्रशासन को नहीं दी ना किसी से अनुमति ली। तहसीलदार मयूरी जोक ने कहा कि यदि पेड़ काटे जाते हैं तो उसकी अनुमति ग्राम स्तरीय समिति से लेना आवश्यक होता है। लेकिन, ऐसा नहीं किया गया। एसडीएम को प्रतिवेदन भेजा है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, फैक्ट्री के एचआर प्रमुख भूपेन्द्र सिंह का कहना है कि संबंधित व्यक्ति छुट्टी पर है, इसलिए मैं कुछ नहीं कह सकता।

# दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो-भाटी

**वर्तमान में एक भी अल्पसंख्यक, दलित एवं महिला ब्लॉक अध्यक्ष नही, भाटी ने संगठन मजबूती हेतु अपने व्यक्तिगत सुझावों से कराया अवगत**

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान में कांग्रेस विचारधारा के साथ दो मुख्य वर्ग दलित एवं अल्पसंख्यक विपरित परिस्थितियो के साथ बने हुये है। आज कांग्रेस लगातार सत्ता में बाहर है लेकिन उसके बावजुद ये दोनो वर्ग कांग्रेस के साथ बने हुये है। इसके साथ ही वर्तमान में लगातार देश में महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहीं जा रही है लेकिन उसके बावजुद फिलहाल महिलाओं की सत्ता एवं संगठन में भागीदारी पर्याप्त नही है। इस स्थिति में आगामी कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन में दलित, अल्पसंख्यक, पिछडा वर्ग के साथ ही महिलाओ की भागीदारी सुश्चित होना चाहिये।



यह बात जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतु पटवारी को लिखे पत्र के माध्यम से कही है। उन्होनें व्यक्तिगत रूप से अपने सुझावो से अवगत कराते हुये कहा कि पिछली बार कांग्रेस संगठन पुनर्गठन में इसका ख्याल नही रखा गया। वर्तमान में कांग्रेस के 11 मुख्य ब्लॉक एवं दो उप ब्लॉको में एक भी दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग का मुख्य अध्यक्ष नही है, कार्यकारी का प्रावधान सिर्फ संगठन मजबूती के लिहाज से ठिक है लेकिन संगठन बायलॉज के अनुसार वैधानिक पद नही है। श्री भाटी ने कांग्रेस के आला कमान को पुन: पत्र के माध्यम से अपने सुझाव अवगत कराते हुये कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में पिछडा, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग की भागीदारी के साथ ही महिला सशक्तिकरण की बात कहीं गयी है लेकिन आगामी कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन में पुन; दलित, अल्पसंख्यक के साथ ही महिलाओ की भागीदारी नही होने की आशंका है। उन्होने वर्ष 2006 के कांग्रेस संगठन पुनर्गठन का उदाहरण देते हुये कहा कि उस दौरान चार महिलाओ को मुख्य संगठन में स्थान देते हुये ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया था, इस बार मंदसौर के कुल 11 मुख्य ब्लॉक एवं 2 उप ब्लॉको में गठन प्रकिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुये दलित, अल्पसंख्यक, पिछडा वर्ग को सही एवं उचित प्रतिनिधित्व दिया जाये जिससे संगठन मजबूत होकर आमजन का प्रतिबिम्ब बन पाये।

# एक भारत-श्रेष्ठभारत के लिए मंदसौर को श्रेष्ठबनाना होगा-चौधरी

**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज देश में 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत की भावना बलवती हो रही है। इसमें हमारा मन्दसौर नगर भी पीछे नहीं रहना चाहिए। हमारे अपने मन्दसौर नगर के श्रेष्ठ बनाने के लिए सर्वप्रथम हमें मिलकर इसे साफ स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाना होगा ताकि मन्दसौर का पर्यावरण शुद्ध हो सके। इसके निमित्त आम जनता व नगर पालिका को मिलकर योजनाबद्ध सघन प्रयास करने होंगे। इस पवित्र अभियान में हमारे जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं अपने मन्दसौर से अनुराग रखने वाले अनेक बुद्धिजीवी महानुभाव अपना अतुलनीय योगदान दे सकते हैं।




सभी के सहयोग से हम अपने मन्दसौर नगर को 'स्वच्छ, स्वस्थ व अनुरागमय मन्दसौर' बनाकर एक भारत - श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार कर पाएंगे। उक्त बात पूर्व पुलिस निरीक्षक एवं समाजसेवी मोहनलाल चौधरी ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पदयात्रा में हरिनारायण माथुर, श्रीचंद भावनानी, रामचंद्र रैकवार, सत्यनारायण सरगरा, रमेश सोनी, इंजी. सुनील व्यास, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, इंजी. एस के जैन, बंशीलाल टांक, राजेश मेडतवाल, वीरेंद्र भट्ट, अजीजुल्लाह खान आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

# मोटरसाइकिल सहित कुएं में गिरा युवक, मौत



**मंदसौर/खजुरी आंजना, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झावल में एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई मृतक बाइक सहित कुएं में जा गिरा। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव निकलवाया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम बंसीलाल पिता रामलाल बागड़ी उम्र 48 साल बताया गया है। मृतक ग्राम झावल का चौकीदार है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया कि मृतक कुएं में कैसे गिरा। फिलहाल सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव निकलवा कर अस्पताल भेजा गया। अफजलपुर थाना प्रभारी समरथ सीनम ने बताया कि लाश करीब 2 दिन पुरानी बताई जा रही है लाश को निकालकर पीएम के लिए भेजा गया है व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित कुएं में गिरने से मौत हुएं आगे की जांच जारी है।

# नसबंदी शिविर में महिलाओं के दो बार चीरे लगाकर लिए टांके

**दर्द से चीख उठी महिलाएं, परिजनों ने किया हंगामा, किसान नेता जोकचन्द ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग, बीएमओ बोले-आरोप गलत, सभी महिलाएं स्वस्थ**



**पिपलियामंडी, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ में नसबंदी शिविर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। शिविर में चार महिलाओं के पेट पर दो बार चीरा लगाया व टांके लिए। नसबंदी से पूर्व शरीर को सुन्न भी नही किया, इस कारण महिलाएं दर्द से चीख उठी। किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने अस्पताल पहुंच पीड़ितों व परिजनों से चर्चा के बाद एसडीएम व बीएमओ से चर्चा कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इधर बीएमओ ने परिजनों के आरोप का खंडन किया व कहा कि सभी महिलाएं स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ शासकीय अस्पताल में नसबंदी शिविर में चार महिलाएं पहुंची। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुबह एक डॉक्टर ने चीरे लगाए व तीन टांके लगाकर कहा नसबंदी हो गई है, लेकिन वह डॉक्टर उसके बाद गायब हो गया। दोपहर ढाई बजे एक और चिकित्सक आया और बोला कि तीन महिलाओं का चेकअप करना है, फिर अंदर ले गए और बिना सुन्न किए टांकों को काटकर फिर से नसबंदी की, जिससे महिलाएं दर्द के कारण चीख उठी। डॉक्टरों की लापरवाही पर परिजनों ने हंगामा किया व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। परिजनों की सूचना पर किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द भी नारायणगढ़ अस्पताल पहुंचे, पीड़ित महिलाओं व परिजनों से चर्चा के बाद मल्हारगढ़ एसडीएम रविन्द्र परमार व बीएमओ जितेन्द्र पाटीदार से परिजनों के सामने हेण्डफ्री कर मोबाइल पर चर्चा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जोकचन्द ने आरोप लगाया कि फिल्मों में ऑपरेशन होते है, वैसे लोगों के ऑपरेशन कर जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था ठप है, मंदसौर जिला अस्पताल तक रेफर अस्पताल बना हुआ है। इस दौरान अजीत कुमठ, सुनील पाटीदार, मानसिंह चौहान, मनोहर सोनी, सुन्दरलाल परिहार, मोतीलाल पाटीदार, जगदीश धनगर, भगवतीलाल पाटीदार, देवेन्द्र परिहार आदि मौजूद थे।

**आरोप गलत, एक महिला के वापस नसबंदी हुई:-** बीएमओ जितेन्द्र पाटीदार का कहना है आरोप गलत है, एक महिला की नस चिपक जाने से उसकी दूसरी बार नसबंदी हुई है, सभी महिलाओं की नसबंदी वापस नही हुई है। सुबह डॉक्टर अनिल पाटीदार थे, बाद में नाहरगढ से डॉक्टर जगदीश गेहलोत को भी बुलाया गया व नसबंदी कराई। सभी महिलाएं स्वस्थ है।

# नन्हे पर्वतारोहियों ने राष्ट्रीय स्तरीय एडवेंचर कोर्स के दौरान 6 गोल्ड और 2 ब्रान्ज मेडल जीते

**राष्ट्रीय स्तरीय माउंटेनियरिंग एडवेंचर कोर्स में मंदसौर जिले के 18 पर्वतारोही छात्र सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे**





**मंदसौर, 05 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्तरीय माउंटेनियरिंग एडवेंचर कोर्स हिमालय पर्वतारोहण संस्थान दार्जिलिंग भारत सरकार के द्वारा यह कोर्स आयोजित किया गया जिसमें पूरे भारतवर्ष से 70 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए मंदसौर जिले के सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर के 18 छात्र सैनिक (जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन) मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, आदि राज्यों से पर्वतारोही प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कोर्स भारतीय सेना के कर्नल रजनीश जोशी (भारतीय सेना गढ़वाल रेजीमेंट), एवं कोर्स डायरेक्टर पावल शर्मा, एवं सिविल प्रशासन के इंस्ट्रक्टर द्वारा यह कोर्स करवाया गया। यह कोर्स 19 दिसंबर से प्रारंभ हुआ जिसमें रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, झुमारिंग, फ्री फॉल, स्लेथरिंग, नोट और हिचस, प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, का प्रशिक्षण दिया गया इसके बाद 23 दिसंबर को हिमालय पर्वत संस्थान से प्रधानाचार्य कर्नल रजनीश जोशी के नेतृत्व में यह ग्रुप संदकपुर चोटी पर तिरंगा फहराने के लिए निकला यह ग्रुप प्रतिदिन 30 किलोमीटर पैदल यात्रा कर नेपाल देश के इल्म जिले में जोबारी और कल्पोखरी गांव में होते हुए यह पश्चिम बंगाल की सबसे उंची बर्फीली चोटी जिसकी हाइट लगभग 12000 फीट से अधिक है जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सुबह 7:00 बजे पैदल यात्रा शुरू कर शाम 4:00 बजे सड़क को पहुंचकर तिरंगा लहराया तत्पश्चात वहां से वापस निकाल कर कल्पोखरी पहुंचे जहां रात्रि विश्राम कर अगले दिन से जंगल कैंप करते हुए प्रतिदिन बच्चे अपना 15 से 20 किलोग्राम वजन बाग में लेकर जंगल के रास्ते ट्रैकिंग करते हुए एक्टिविटी करते हुए जहां पर रात्रि विश्राम जंगल में हमॉक पर बिताई बिना टेंट और बिना कमरे के इस प्रकार का प्रशिक्षण मंदसौर जिले के छात्र सैनिक प्राप्त कर रहे हैं। सभी प्रतिभागियों द्वारा सेल्फ कुकिंग का कंपटीशन आयोजित किया गया और यह सभी छात्र यहां पर जंगल की ट्रेनिंग प्राप्त करते हुए 30 दिसंबर को शाम 4:00 बजे तक दार्जिलिंग हिमालय पर्वत और संस्थान में पहुंचें। उसके पश्चात इन सभी छात्रों का लिखित परीक्षा, ऑप्टिकल एवं क्लाइंबिंग कंपटीशन हुई, जिसमें मंदसौर के छात्र सैनिकों द्वारा कुकिंग प्रतियोगिता, बेस्ट पेट्रोल, ऑब्सटेकल कंपटीशन मैं 6 गोल्ड मेडल एवं 5 किलोमीटर मैराथन, एवं क्लाइंबिंग कंपटीशन में 2 ब्रांच मेडल कैडेट अक्षरा व्यास ने जीते, ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान सभी पर्वतारोहियों को कर्नल रजनीश जोशी द्वारा सभी को बैच लगाकर सम्मान किया गया यह सभी पर्वतारोही छात्र सैनिक माउंटेनियर एवं ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया, स्काउट अधिकारी ललित परमार के नेतृत्व में यह दार्जिलिंग में तीसरी बार कोर्स संपन्न हुआ है। मंदसौर की इस उपलब्धि पर 5 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश, विद्यालय प्राचार्य सिस्टर अभया, विद्यालय मैनेजर फादर जॉनसन, जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉक्टर क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर श्रीमती अतिथि गर्ग, पदेन उपाध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, पदेन उपाध्यक्ष एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह पुरावत, कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन जैन, विश्व मोहन अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, सहसचिव जेनिश बरडिया, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, माउंटेनियर कृष्णा दास, कृष्णा कनौजिया, सुश्री नेहा शर्मा, सुश्री रिंकू शुक्ला, सुश्री खुशी सिसोदिया, आदि ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in